UP Board Class 6 Geography Notes Chapter 7 विश्व में भारत

भारत के पड़ोसी देश

भारत के कुल 9 पड़ोसी देश हैं जिनमें से 7 भारत के साथ भूमि सीमा साझा करते हैं. संबंधित देशों के साथ सीमा साझा करने वाले राज्यों की सूची नीचे दी गई है.

पड़ोसी देश	सीमावर्ती राज्य
पाकिस्तान	जम्मू कश्मीर, पंजाब, गुजरात और राजस्थान
अफ़ग़ानिस्तान	जम्मू कश्मीर (POK हिस्सा)
चीन	जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश
नेपाल	सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड
भूटान	अरुणाचल प्रदेश, असम, सिक्किम और पश्चिम बंगाल
बांग्लादेश	पश्चिम बंगाल, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा और असम
म्यांमार	अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड
श्रीलंका [समुद्री सीमा]	भारतीय उपमहाद्वीप के दक्षिण-पूर्व में, **हिंद महासागर** में एक द्वीप राष्ट्र
मालदीव [समुद्री सीमा]	दक्षिण एशिया, भारत के दक्षिण-पश्चिम में **हिंद महासागर** में एक द्वीप राष्ट्र

देश	राजधानी	प्रमुख नगर	भाषा	मुद्रा	उद्योग
अफगानिस्तान	काबुल	कन्धार	पश्तो एवं दारी	अफगानी	ऊन एवं कालीन
पाकिस्तान	इस्लामाबाद	कराची	उर्दू	पाकिस्तानी रुपया	चीनी, सूती वस्त्र, चमड़ा
चीन	बीजिंग	शंघाई	मेण्डारिन	यूआन	कपड़ा, विद्युत–सामग्री
नेपाल	काठमाण्डू	विराट नगर	नेपाली	नेपाली रुपया	चीनी, कागज, कपड़ा
भूटान	थिम्पू	परो	भूटानी	गलत्रम	पशुपालन, बाँस, ऊन
बांग्लादेश	ढाका	चटगाँव	बांग्ला	टका	चमड़ा, अखबारी कागज
म्यांमार	नाएप्यीडॉ	माण्डले	बर्मीस	बर्मीस क्यात	कृषि, सीमेण्ट, लकड़ी
श्रीलंका	कोलम्बो	कैण्डी	सिंहली व तमिल	रुपया	सूती कपड़ा, ग्रेफाइट
मालदीव	माले	अद्दू सिटी	धिवेही	मालदीवी रुपया	मछली–पालन, पर्यटन

1. अफगानिस्तान – अफगानिस्तान एक इस्लामिक देश है जो भारत के साथ 106 km की भूमिगत सीमा साझा करती है। अफगानिस्तान से भारत की सीमा केवल लद्दाख (केंद्रशासित प्रदेश) से जुड़ती है। अफगान में 'दरी और पश्तों' जैसी भाषाएं बोली जाती है।

2. बांग्लादेश- बांग्लादेश, भारत के साथ 4096.7 km की सीमा साझा करती है, इसमें भारत के पश्चिम बंगाल, मेघालय, असम, त्रिपुरा और मिजोरम जैसे राज्य बांग्लादेश की सीमा से जुड़ी हुई है। और बांग्लादेश से बांग्लादेशी राज्य, छित्तांगोंग, खुलना, रंगपुर और सिलहेट जैसे स्थान भारत से जुड़ी हुई है। बांग्लादेश की आधिकारिक भाषा 'बंगाली' है।

3. भूटान- भूटान भारत के 699km की सीमा रेखा साझा करती है। यह भारत के पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल प्रदेश, और सिक्किम से जुड़ी हुई है। भूटान की आधिकारिक भाषा 'जोंखा' है

4. चीन- चीन भारत का एक ऐसा पड़ोसी देश है, जिसकी जनसंख्या विश्व में सर्वाधिक है। यह भारत के साथ 3488km की सीमा साझा करती है। यह भारत के लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के साथ जुड़ी हुई है। चीन की आधिकारिक भाषा 'मैंडरिन' है भारत और चीन इस विश्व के सबसे बड़े उभरते इकोनॉमिकल देश हैं।

5. म्यांमार- म्यांमार भारत के साथ 1643km की सीमा साझा करती है। यह भारत के अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम और मणिपुर से जुड़ी हुई है। म्यांमार भारत का चौथा बड़ा निर्यात करने वाला देश है। म्यांमार की आधिकारिक भाषा 'बर्मीज' है।

6. नेपाल – नेपाल भारत के साथ 1751 km की सीमा साझा करती है। यह भारत के बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के साथ जुड़ी हुई है। एशिया की सबसे लंबी पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट नेपाल में ही स्थित है। नेपाल की आधिकारिक भाषा 'नेपाली' है।

7. पाकिस्तान- यह भारत के साथ 3323km के सीमा साझा करती है। पाकिस्तान भारत का हिस्सा था, जो 1947 में भारत के विभाजन के साथ अलग हुआ। यह भारत के पंजाब, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान और गुजरात के साथजुड़ी हुई है। इसकी आधिकारिक 'भाषा' उर्दू है।

8. श्रीलंका- यह भारत के साथ भूमिगत नही बल्कि समुंद्री सीमा साझा करती है। यह भारत के जैसे ही विभिन्न संस्कृति वाला देश है, जिसकी समुंद्री सीमा तमिलनाडू के निकट मन्नार की खाड़ी से अलग होती है। श्री लंका की आधिकारिक भाषा 'सिंहाला और तमिल' है।

9. मालदीव- मालदीव भी भारत के साथ समुंद्री सीमा साझा करती है। यह भारत के दक्षिण – पश्चिम दिशा में स्तिथ है। यह भारत से लक्षद्वीप द्वीप समूह से जुड़ा हुआ है। मालदीव को हजारों मूंगे द्वीपों की भूमि कहा जाता है। इसकी आधिकारिक भाषा 'धिवेही' है।

https://www.evidyarthi.in/